CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 04-03-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP5 User: cci Time: 03-03-2026 21:42 Color:







# इन लोगों को भी लगे टैरिफ का झटका

होली के होलियाना माहौल के बीच एक संगठन आमजन-पीड़ित-माइंड के फीडबैक के बाद सरकार ने तत्काल प्रभाव से कुछ नए टैक्स लगाने का प्रस्ताव दिया है। प्रस्ताव के लीक होने के बाद इसे भारी जनसमर्थन मिल रहा है। लोगों ने नए टैक्सों का स्वागत करते हुए कहा कि इसके लागू होने से या तो सरकार के खजाने को शांति मिलेगी या ऐसे लोगों के दिमाग को। दोनों हालात में 'विन विन सिचुएशन' है। सरकार इनकी वसूली के लिए नए टैक्स इंस्पेक्टर भी नियुक्त करेगी। इससे हजारों नौकरियां भी पैदा होंगी। होली की खुमारी में डूबी NBT की एक्सक्लुसिव काल्पनिक ब्रेकिंग रिपोर्ट में कल्पना के रंग भरे नरेंद्र नाथ और राजीव रंजन ने

## रील बनाओ, देश बनाओ टैक्स

सरकार ने देश में कहीं भी रील बनाने की धनी प्रतिभाओं से कुछ धन निकालने के लिए नया टैक्स प्रस्ताव दिया है। 'रील बनाओ-देश बनाओ टैक्स' के तहत कहीं भी लोगों को डिस्टर्ब करते हुए रील बनाने वाली प्रतिभाओं को हर रील पर 501 रुपए सरकार को देने होंगे। सरकार ने इसे सख्ती से लागू करने का फैसला लिया है। इसमें सजा का प्रावधान भी किया गया है। अगर कोई टैक्स नहीं देता है तो उस व्यक्ति को एक दिन की कड़ी सजा मिलेगी, जिसके तहत उसे दूसरे लोगों की एक हजार रील्स दिनभर दिखाई जाएंगी।



## नॉलेज संदेश ट्रांसफर टैक्स

आमजन-पीड़ित-माइंड की रिसर्च में खुलासा हुआ कि पूरे देश में वट्सऐप के जरिए तमाम इतिहास, भूगोल, पॉलिटिकल साइंस से लेकर मेडिकल, इंजीनियरिंग, करंट अफेयर्स से लेकर दुनिया की सभी चीजों का ज्ञान ट्रांसफर हो रहा है। सुबह उठने के साथ देर रात तक हर दिन अरबों की संख्या में ज्ञान की बातें वट्सऐप इंस्टिट्यूट के माध्यम से पहुंचती है। इसका भरपूर लाभ उठाने के लिए 'नॉलेज संदेश ट्रांसफर टैक्स' लगाने का प्रस्ताव किया गया। हर ऐसे ट्रांसफर पर एक क्यूआर कोड आएगा। वह सरकारी कोष का होगा। इसमें कम से कम 1001 रुपए देने के बाद ही अगला ज्ञान ट्रांसफर हो सकेगा। इस 'नॉलेज संदेश ट्रांसफर टैक्स' से मिलने वाली राशि से सरकार पूरे देश में भव्य वट्सऐप यूनिवर्सिटी बनाएगी।




## पों-पों टैक्स


अगर आप ट्रैफिक में फंसे हो या रास्ते में जा रहे हो और पीछे या आजू-बाजू से बिना वजह लगातार कान फोड़ू हॉर्न बजाता सुने तो बिल्कुल नाराज न हों। अब इसी हॉर्न के कारण देश का विकास होगा। आम-जन-पीड़ित-माइंड ने पों-पों टैक्स प्रस्तावित किया है जिसके तहत बिना कारण हॉर्न बजाने वाले लोगों को टैक्स देना होगा। पीड़ित माइंड की इनोवेटिव टीम ने ऐसी चिप की इजाद की है जो हर गाड़ी में फिट की जाएगी। चिप उस गाड़ी को रियल टाइम चालान भेज देगी, जब भी गाड़ी से बिना मतलब कान फोड़ू हॉर्न की आवाज होगी।





## ही-ही सुनाओ टैक्स




सार्वजनिक जगहों, पार्क, ट्रेन या अस्पताल के इमरजेंसी रूम तक भी आप अक्सर चिढ़ जाते होंगे, लोगों के मोबाइल से निकलने वाली 'ही-ही' की आवाज से... जब वे फुल साउंड ऑनकर रील देखते रहते हैं। लेकिन, अब उनसे नाराज न हों। अब वे देशनिर्माण में भागीदार होंगे। सरकार ने मोबाइल साउंड ही-ही टैक्स से करोड़ों कमाने का टारगेट रखा है। एक आंकड़े के अनुसार देश में 53 फीसदी आबादी अपने स्मार्टफोन पर खुद तो रील देखती ही है, तेज आवाज होने से विडियो के डायलॉग अपने आसपास के लोगों को बिना उनकी इजाजत के सुनाते हैं। नई गाइडलाइंस के तहत रील या कोई भी विडियो खुद के अलावा दूसरे लोगों को भी बिना पूछे सुनने पर 100 रुपए देने होंगे।



## गेस्ट अनवेलकम टैक्स



तमाम टूरिस्ट जगहों पर विदेशी मेहमानों के सामने मान-न-मान-मैं-तेरा दोस्त बनकर घूमने वाले लोगों की बढ़ती संख्या को देखते हुए सरकार ने इस आपदा वाले ट्रेंड में टैक्स कमाने का इनोवेटिव आइडिया खोजा है। अगर कोई व्यक्ति जबरन किसी विदेशी से सेल्फी लेने की जिद करता है या तंग करता है तो उसे उस इलाके में 300 मीटर के दायरे में पूरी तरह साफ-सफाई करनी होगी। इससे सरकार को न सिर्फ फ्री सफाईकर्मी मिल जाएंगे बल्कि इससे करोड़ों रुपए की भी बचत होगी। सफाई करने से अगर कोई आनाकानी करता है तो उस पर क्रिमिनल केस चलेगा।

**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

**whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.**

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in